श्री बंशीधर नगर, बुधवार
08.05.2024
वैशाख कृष्णपक्ष अमावस्या, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 252

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:16 बजे
अस्त - 06:28 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 38 डिग्री से.
न्यूनतम : 24 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ है



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
झामुमो और राजद के सदस्य भाजपा में शामिल >> पेज 03 | बाबूलाल मरांडी ने सीएम को लिखा पत्र >> पेज 04

## सुविचार

जो आपके सुख में आकर साथ देते हैं, वह रिश्ते होते हैं और जो आपके दुख में आकर साथ देते हैं, वह फरिश्ते होते हैं।

## न्यूज अपडेट्स

### व्यवसायी से 5 लाख की रंगदारी मांगी, जान से मारने की धमकी

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत ठाकुरबाड़ी मंदिर के नजदीक छतरपुर निवासी व्यवसायी रितेश कुमार आनंद उर्फ राजा गुप्ता को जान से मारने की धमकी मिली है। खाटिन निवासी संतोष गुप्ता को गोली मारने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि एक और व्यवसाई को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर यह धमकी दी गई है। व्यवसायी रितेश ने मंगलवार को बताया कि फोन पर धमकी देते हुए 5 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। नहीं देने पर शाम तक गोली मारने की चेतावनी दी गई है। इस मामले के लिए छतरपुर थाना में आवेदन देकर थाना प्रभारी से जानमाल की गुहार लगायी है। ठाकुरबाड़ी मंदिर बस स्टैंड के कपड़ा व्यवसायी रितेश कुमार आनंद ने अपने परिजनों पर धमकी दिलवाने के आरोप लगाया है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि 6 मई 2024 को सुबह 9.35 बजे मोबाइल नंबर 8864077366 से उसके मोबाइल नंबर 7992344513 पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा 5 लाख रंगदारी की मांग की गयी। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने लिखा है कि चाची सुमन गुप्ता पति संतोष कुमार गुप्ता से जमीन विवाद में पांच मई को बीच विवाद हुआ था। उन्होंने अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कहा है कि हमारी हत्या कभी भी ये लोग करा सकते हैं।

**वादा** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुमला में कहा

# स्नातक को 01 लाख रु. देंगे व युवाओं को पक्की नौकरी



**गुमला।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को चाईबासा के बाद गुमला जिले के बसिया के कोनबीर एनएचपीसी मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए लोहरदगा से कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत के लिए वोट मांगे। साथ ही केंद्र में सरकार बनने पर नौकरी का अधिकार देने, ग्रेजुएट के खाते में हर साल एक लाख रुपये डालने और बेहतर काम करने वालों की नौकरी पक्की करने का वादा किया। राहुल गांधी ने कहा कि यदि उनकी सरकार बनती है तो वे युवाओं के लिए ऐसी योजना लाएंगे कि उनकी पहली नौकरी पक्की मिलेगी। ये नौकरी देश के अच्छे प्राइवेट संस्थानों में दी जाएगी। साथ ही कहा कि वे सेना से अग्निवीर योजना को खत्म करेंगे और सबके लिए एक जैसी नौकरी होगी। उन्होंने किसानों, आदिवासियों, महिलाओं और युवाओं के उत्थान की बात कही। साथ ही कहा कि जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों का पहला अधिकार है लेकिन भाजपा आपको वनवासी कहती है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा आदिवासियों की भाषा-संस्कृति को कुचलना चाहती है जबकि कांग्रेस उनकी उनका संरक्षण करना चाहती है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में भी कई खामियां हैं। सरकार बनी तो एक टैक्स सिस्टम बनाएंगे। राहुल ने कहा कि मनरेगा में 250 रुपये मजदूरी मिलती है। यह हमारी योजना थी। नरेन्द्र मोदी इसको ठीक से लागू नहीं करते। हमारी सरकार बनी तो मनरेगा में 400 रुपये मजदूरी मिलेगी। आशा और आंगनबाड़ी की महिलाओं की राशि दोगुनी करेंगे। किसानों का कर्जा मोदी सरकार ने माफ नहीं किया। हमारी सरकार बनी तो गरीब किसानों का कर्जा माफ करेंगे। साथ ही एमएसपी देंगे। नोटबंदी, गलत जीएसटी और अग्निवीर सिस्टम से युवाओं का हक मारा गया। राहुल गांधी ने कहा कि नोटबंदी, गलत जीएसटी और अग्निवीर सिस्टम से युवाओं का हक मारा गया है। आज युवा ठेकेदारी प्रथा में काम कर रहे हैं। चेहरा अच्छा नहीं तो नौकरी से निकाल देते हैं। हम सरकार में ठेकेदारी प्रथा खत्म करेंगे। पेंशन के साथ नौकरी देंगे। अमीर परिवार के बच्चे जॉब मार्केट में जाने से पहले एक साल की नौकरी करते हैं। इसके बाद अच्छा काम करने पर उनकी नौकरी कंपनियों में पक्की हो जाती है। इससे सबक लेते हुए हम हर वर्ग के ग्रेजुएट युवाओं को पहली नौकरी का अधिकार देंगे। आपको निर्णय लेना है कि अडानी-मोदी की सरकार बने या किसानों-गरीबों की। राहुल गांधी ने कहा कि आपको निर्णय लेना है कि अडानी और मोदी की सरकार बनानी है या किसान, गरीब, दलित, पिछड़ों की। उन्होंने कहा कि उनके परिवार का आदिवासी समाज के साथ गहरा जुड़ाव रहा है। इंदिरा गांधी हमेशा आदिवासी समाज की चिंता करती थीं। हमारी सरकार बनी तो सरना कोड लागू कर देंगे। साथ ही कहा कि दिल्ली में मैं आपका सैनिक हूं। आप मुझे बताओ। मैं पूरी कोशिश करके आपका काम पूरा करुंगा। आपके जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लडूंगा। राहुल गांधी ने कहा कि यदि उनकी सरकार बनती है तो सबसे पहले गरीब परिवारों की एक सूची बनेगी। इसमें हर परिवार की एक महिला के अकाउंट में एक लाख रुपये दिए जाएंगे। उनके अकाउंट में हर महीना आठ हजार 500 रुपये दिए जाएंगे।


## लोस का यह चुनाव देश के लिए निर्णायक : चम्पाई



**गुमला।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देश के लिए निर्णायक है। हम सब इंडी गठबंधन के हैं। आदिवासी मूलवासी अस्तित्व बचाने के लिये सरना धर्म कोड बनाया लेकिन भाजपा ने रोक दिया। ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की लेकिन वो आगे नहीं बढ़ा। भाजपा पूरी तरह से आदिवासी-मूलवासी, पिछड़ा, दलित, गरीब विरोधी है। मुख्यमंत्री मंगलवार को गुमला जिले के बसिया के कोनबीर एनएचपीसी मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। चम्पाई ने कहा कि 2014 से पूरे देश में झूठ की खेती हो रही है। भाजपा ने झारखंड में सबसे ज्यादा शासन किया लेकिन झारखंड को अलग दिशा में ले गए। उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछड़ेपन की जिम्मेदार भाजपा है। रोजगार और आदिवासी मूलवासी कल्याण की बात नहीं करते। दस साल से केवल जुमलेबाजी हो रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पांच साल में मिला मौका नहीं गंवाना है। भाजपा को सत्ता से बेदखल करना है। चम्पाई ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने प्राइमरी स्कूल बंद किए। गांव के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई। इनकी मंशा आदिवासी कल्याण की नहीं है। भाजपा यहां का इतिहास मिटाना चाहती है। जंगल के भीतर भी योजना पहुंची। सर्वजन पेंशन स्कीम हम लाए। ये भाजपा वाले झारखंड को आगे बढ़ाना कभी नहीं सोचे। केवल खनिज का व्यापार किया। पूंजीपतियों को सब सौंप दिया। झारखंड खुद अपने पैरों पर खड़ा होगा। चम्पाई ने कहा कि राहुल गांधी युवा सम्राट हैं। चुनाव संविधान बचाने के लिए है। लोकतंत्र को बचाने के लिए है। तानाशाही को मिटाना है। तानाशाही की वजह से ही हेमंत सोरेन जेल में हैं।

## रांची में दूसरे दिन डेढ़ करोड़ बरामद

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम मंगलवार को एक साथ रांची में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर रही है। बताया गया है कि डोरंडा के राजीव सिंह नामक कॉन्ट्रैक्टर के ठिकाने से डेढ़ करोड़ रुपये कैश बरामद किया गया है। ईडी ने जांच में पाया है कि इसने 10 करोड़ रुपये हाल के दिनों में लेन-देन किया है। इसके अलावा कांके पतरा टोली



निवासी पथ निर्माण विभाग में एसडीओ अजय मुंडा के पैतृक आवास पर ईडी की छापेमारी चल रही है। सिंह मोड़ के पास रहने वाले एक बिल्डर के साथ रांची के रातू और आईटीआई बस स्टैंड के पास रहने वाले दो बिल्डरों के यहां भी छापेमारी चल रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सोमवार को ईडी ने छापेमारी कर 35.23 करोड़ बरामद किये थे। इस मामले में ईडी ने देर रात मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर को गिरफ्तार कर लिया था।

## पलामू में वज्रपात से तीन बच्चों की मौत

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में वज्रपात की अलग अलग घटनाओं में तीन की मौत हो गयी। मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में एक बच्ची एवं एक किशोर की मौत हुई, जबकि पांकी थाना क्षेत्र में एक बच्चे की मौत की खबर है। मंगलवार दोपहर बाद अचानक से मौसम बदल गया। तेज आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। वज्रपात भी हुआ। जिले के मोहम्मदगंज अंचल अंतर्गत कोल्हुआ सोनबरसा



पंचायत के गाजीबिहरा गांव के लेमुआटीकर टोला निवासी बिनोद पासवान की पुत्री साक्षी कुमारी (4) की मौत मंगलवार की शाम वज्रपात से गम्भीर घायल होने के बाद हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में हो गई। वह अपने घर के बाहर खेल रही थी। दूसरी घटना इसी थाना क्षेत्र के गोलापत्थर टोला निवासी कमेश रजवार के रिश्तेदार के पुत्र बसंत रजवार (13) की मौत मंगलवार की शाम वज्रपात से गम्भीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के लिए ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गई। किशोर गढ़वा जिलान्तर्गत मझिआंव थाना क्षेत्र के मोरबे भरत पहाड़ी निवासी जोखन रजवार का पुत्र था। वह अपने फूफा के घर गोलापत्थर आया था। वह स्मार्टफोन मोबाइल से घर से बाहर बात कर रहा था, तभी वज्रपात की चपेट में आ गया। तीसरी घटना पांकी प्रखंड के डेमा गांव में हुई। यहां वज्रपात से एक 13 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। गांव में मातम छाया हुआ है। किशोरी की पहचान की जा रही है।

**ईडी की छापेमारी में बरामद 35.23 करोड़ रुपये टेंडर घोटाले के**

# विभागीय अधिकारी भी सांठगांठ में शामिल

**रांची।** ईडी ने ग्रामीण विकास मंत्री के पीएस संजीव लाल और जहांगीर आलम को गिरफ्तार करने के बाद मंगलवार को अदालत से 10 दिनों की रिमांड मांगी लेकिन अदालत ने दोनों को छह दिनों की रिमांड दी है। ईडी के अधिकारी बुधवार से दोनों से छह दिनों तक पूछताछ करेंगे। इस दौरान कई राज खुलेंगे। ईडी ने कोर्ट में दिए गए रिमांड पिटीशन में कहा है कि अब तक की जांच में यह जानकारी सामने आई है कि सोमवार को बरामद हुआ सारा पैसा टेंडर घोटाले का है। टेंडर घोटाले से जुड़े धनशोधन के



इस मामले में कई बड़े अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। ईडी का दावा है कि इस पूरे प्रकरण में ऊपर से लेकर नीचे तक के अधिकारी शामिल हैं और उन्हें राजनेताओं का भी पूरा संरक्षण मिला हुआ है। ग्रामीण विकास विभाग के ऊपर से नीचे तक कई अधिकारी इस सांठगांठ में शामिल हैं। ईडी ने कोर्ट में दिए गए रिमांड पिटीशन में कहा है कि कमीशन का पैसा आमतौर पर नकद ही लिया जाता था, जिसे विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजार कर सफेद किया जाना था। ईडी को अब तक जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मंत्री आलमगीर आलम का ओएसडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) संजीव लाल प्रभावशाली व्यक्तियों के लिए कमीशन लेता था और टेंडर मैनेज करने के साथ विभाग के इंजीनियरों से भी कमीशन के लेनदेन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। ईडी ने कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित चीफ इंजीनियर ने भी यह स्वीकार किया है कि वर्ष 2022 में संजीव लाल ने करोड़ों रुपये कमीशन के तौर पर लिए हैं। ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को इसलिए रिमांड पर लिया है, ताकि अन्य वरिष्ठ सरकारी पदाधिकारियों सहित अन्य वैसे अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाया जा सके, जो कमीशन के जरिए करोड़ों रुपये की कमाई के इस खेल में शामिल हैं। ईडी ने सोमवार की छापेमारी के दौरान 35.23 करोड़ रुपये के साथ दो गाड़ियां भी जब्त की हैं, जिसका रजिस्ट्रेशन जहांगीर के नाम से है लेकिन उन गाड़ियों का इस्तेमाल संजीव लाल करता था।

## तपती गर्मी के बीच राहत की बारिश

**रांची।** राज्य में मंगलवार की शाम मौसम ने करवट ली। शाम होते ही राज्यवासियों को तपती गर्मी से थोड़ी राहत मिली। राजधानी रांची, रामगढ़ और गुमला समेत कुछ जिलों में तेज हवाओं के साथ छिटपुट बारिश हुई। दोपहर बाद कुछ जिलों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। इससे लोगों को गर्मी की तपिश से राहत मिली। रांची में बूंदा-बांदी से मौसम सुहाना हो गया। राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया था। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आठ और नौ मई को राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।



कई जगहों पर 10 और 11 को भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश देखने को मिलेगी। इस दौरान गरज के साथ वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। रांची, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका और देवघर में ओलावृष्टि हो सकती है। तेज हवाएं (40-50 किलोमीटर प्रति घंटे) भी चल सकती हैं। मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

# पर्यावरणविद कौशल ने हटिया के विधायक की मां के श्राद्धकर्म में शामिल होकर पौधा किया दान



**बंशीधर न्यूज**

**रांची :** पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने रांची के कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में हटिया विधायक नवीन जायसवाल की दिवंगत मां शांति जायसवाल के श्राद्धकर्म में शामिल हुये। उन्होंने मृतक की आत्मा की शांति व कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिये विधायक नवीन जायसवाल को घर का प्रदूषण मुक्त करने वाला सिंगापुर का पौधा फीडललीफ व थाईलैंड का बारहमासी आम का पौधा दान कर उसे बच्चों की भांति सुरक्षा देकर लगाने व बचाने की अपील की। श्री जायसवाल ने विधायक को पौधा समर्पित करते हुये कहा कि इससे न सिर्फ मृतक की आत्मा को शांति मिलेगी बल्कि उसकी छाया भी आपके जीवन में मां की आशीर्वाद की तरह अनवरत मिलता रहेगा, जिससे आप सदैव प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने उक्त श्राद्धकर्म में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से भी मुलाकात की। श्री मरांडी ने पर्यावरणविद से पर्यावरण में बढ़ रहे प्रदूषण पर वृहद चर्चा करते हुये उसके निदान पर भी लंबी बातें की। उन्होंने पर्यावरण के क्षेत्र में कौशल किशोर के उल्लेखनीय कार्य व योगदान की भी सराहना की। मौके पर दिवंगत शांति जायसवाल के पति शिव शंकर जायसवाल, पुत्र सह हटिया विधायक नवीन जायसवाल पुत्र निशित जायसवाल, गोपाल भगत, विनय जायसवाल, अविनाश जायसवाल, संजीव जायसवाल के अलावे नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सांसद संजय सेठ, राज्य सभा सांसद आदित्य साहू, दीपक प्रकाश, पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता, डाल्टनगंज के विधायक आलोक चौरसिया मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### पांडू की ज्वलंत समस्याओं को चुनावी एजेंडा में शामिल करें

**विश्रामपुर :** पांडू के सामाजिक कार्यकर्ता लव कुमार विश्वकर्मा ने पांडू प्रखंड के प्रमुख समस्याओं को लोस के सभी उम्मीदवारों से उसे अपने चुनावी एजेंडे में शामिल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आज तक किसी राजनीतिक दल के लोगों ने प्रखंड के ज्वलंत समस्याओं को न तो कभी अपने चुनावी एजेंडा में शामिल किया और न ही उसके निदान की दिशा में कभी कोई सकारात्मक पहल किया है। उनकी मांगों में पांडू पुलिस अंचल कार्यालय को रेहला से पांडू में स्थापित करने, बाजार में वर्षों से अतिक्रमण के कारण लग रहे जाम से मुक्ति दिलाने, कुटमू पावर सब स्टेशन से ओबरा तक 11 हजार वोल्ट की तार और पोल की मरम्मति कराने, पांडू में डिग्री कॉलेज की स्थापना कराने, वहां इंटर का परीक्षा केंद्र बनाने, प्रखंड के सभी मंदिरों की अतिक्रमित की गई भूमि को मुक्त कराकर मन्दिर को सौंपने, मेदिनीनगर के बजाय विश्रामपुर में पुलिस अनुमंडलीय कार्यालय खोलने एवं पांडू पीएचसी को सीएचसी का दर्जा देते हुये चिकित्सकों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की पदस्थापना करने की मांग शामिल है।

**समारोह** सेवानिवृत्ति के बाद विदाई समारोह में विधायक भी शामिल

# मुख्य लोको निरीक्षक एचके सिंह को दी गयी विदाई

**बंशीधर न्यूज**



**विश्रामपुर :** गढ़वा रोड स्टेशन पर कार्यरत मुख्य लोको निरीक्षक एचके सिंह के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित विदाई समारोह में रेलकर्मियों के अलावे पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी समेत आसपास के हजारों गणमान्य लोग शामिल होकर सजलनेत्रों से उन्हें विदा किया। सेवानिवृत्त एचके सिंह अपने सेवाकाल के अधिकांश वक्त शुरूआती दौर से धनबाद रेल मंडल के गढ़वा रोड जंक्शन पर विभिन्न पदों पर रहकर योगदान दिया। जिसके कारण यहां के आम अवाम में उन्होंने अपना एक अलग छवि स्थापित कर लिया था। रेलवे के ड्यूटी से बचे समय को वे आम लोगों की सेवा में लगाते थे। रेलवे के अलावे वे यहां के हर एक लोगों के सुख दुख में शामिल होकर मानवता का परिचय दिया करते थे। जिसके कारण इस क्षेत्र में उनकी एक अलग छवि स्थापित हो चुकी थी। यही कारण है कि उनके विदाई समारोह में लोग अपने व्यस्तम रूटीन से समय निकालकर चिलचिलाती धूप व लोकसभा चुनाव को लेकर बढ़ी व्यस्तता के बावजूद शामिल होकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्त एचके सिंह रेलवे में वर्ष 1989 में सहायक लोको पायलट से अपनी सेवा की शुरूआत की थी। वे यहां कि क्रू कंट्रोलर, रनिंग रूम प्रभारी, मुख्य लोको निरीक्षक सिहित विभिन्न पदों पर रहकर सेवा दिया। जब कभी भी इनको जो जिम्मेवारी दी गयी उसमें बेहतर कर कई वरीय अधिकारियों से कई पुरस्कार प्राप्त कर हमेशा चर्चा में रहे। ये मूलतः बिहार के औरंगाबाद जिले के रहने वाले हैं। समारोह का संचालन शिक्षक प्रदीप सिंह ने किया। मौके पर रेल के कई अधिकारी, कर्मी व आसपास के सैकड़ो गणमान्य लोग शामिल होकर उन्हें उपहार देकर उनके दीघार्यु जीवन की कामना की।

### दो खपरैल घर जलकर हुआ खाक, लाखों के नुकसान का अनुमान



**विश्रामपुर :** नावा बाजार थाना के इटको गांव में हनुमान मंदिर के समीप सोमवार की रात दो खपरैल घरों में अचानक आग लगने से उसमें रखे सभी सामान जलकर नष्ट हो गये। हालांकि इस घटना में किसी जान माल की क्षति नहीं हुई है। लेकिन घर जलने से दो परिवार के लोग पूर्णतः सड़क पर आ गये हैं। घटना की सूचना पर पहुंची नावा बाजार की पुलिस ने दमकल बुलाकर आग पर किसी तरह काबू पाया लेकिन तबतक घर में रखे अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो गया था। जानकारी के अनुसार बीती रात रामनंदन प्रजापति पिता स्वर्गीय गुलाबी प्रजापति तथा अर्जुन प्रजापति पिता स्वर्गीय लखराज प्रजापति के खपरैल मकान में अचानक आग लग गई। घर में रखें चावल, दाल, गेहूं, प्याज एवं खाद्य सामग्री सहित कपड़ा कागजात बर्तन जलकर नष्ट हो गया है। पीड़ित परिवार के लोगों ने अपने पड़ोसियों पर इस घटना को अंजाम देने की आशंका जताई है। पीड़ित परिवार के लोगों ने यह भी बताया कि तीन दिन पहले जमीन सम्बन्धी मामले को लेकर अपने गोतिया के लोगों से विवाद हुआ था। जिसमे गोतिया के लोगों ने पीड़ित परिवार के साथ मारपीट भी किया था। इस मामले में पीड़ित परिवार के लोगों ने थाने में प्राथमिकी भी कराई है। थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। सभी बिंदुओं पर जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

### सदगुरु प्रताप हरि प्लस टू उच्च विद्यालय बनेगा मॉडल बूथ : डीसी



**मेदिनीनगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने चैनपुर बीडीओ को सदगुरु प्रताप हरि प्लस टू उच्च विद्यालय व मतदान केंद्र संख्या 118 व 119 को मॉडल बूथ बनाने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी बूथों में एएमएफ के तहत सभी सुविधाओं को अनिवार्य रूप से बहाल करने व विशेष कर पेयजल की सुविधा व धूप से बचने को लेकर टेंट लगाने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान डीडीसी व चैनपुर सीओ उपस्थित थे। डीसी ने मंगलवार को इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिये चिन्हित सदगुरु प्रताप हरि प्लसटू उच्च विद्यालय का जायजा लिया। चैनपुर बीडीओ से रिजर्व ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने के लिये बने स्ट्रांग रूम से मतदान केंद्रों की दूरी एवं सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली। वहीं सीएपीएफ को ठहराने के लिये चयनित राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय व केंद्रीय विद्यालय चैनपुर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय विद्यालय के आसपास फैले झाड़ियों की साफ-सफाई व राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय में भी सभी सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश चैनपुर बीडीओ को दिया। इसके बाद उन्होंने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिये चिन्हित सदगुरु प्रताप हरि प्लस टू उच्च विद्यालय का भी जायजा लिया।

## भाजपा का विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**बंशीधर न्यूज**



**श्री बंशीधर नगर :** भाजपा की ओर से सोमवार की शाम में यहां में पुराना स्टेट बैंक के सामने व शहरी मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क के आवास में पार्टी के विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया गया। चुनाव कार्यालय का उदघाटन विधायक भानू प्रताप शाही एवं विधानसभा प्रभारी व पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उस मौके पर अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष शिवधारी राम, जिला महामंत्री विकास स्वदेशी, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, भगत दयानंद यादव, शहरी मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, ग्रामीण अध्यक्ष विकास पांडेय, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि सह ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश कुमार चौबे, विधायक प्रतिनिधि लालमोहन यादव, विभूतिभूषण चौबे, अशोक सेठ, लवली आनंद, संजय कांस्यकार, मिथिलेश पासवान, रामदत चौबे, धर्मन यादव, सोहराइ चौधरी, विवेकानंद पांडेय, इसराइल अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

### अवैध बालू कारोबार पर एसडीओ ने की बड़ी स्ट्राईक, अवैध बालू लदे तीन टीपर को पकड़ा

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने अवैध बालू कारोबार पर बहुत बड़ी स्ट्राईक की है। सोमवार की रात उन्होंने अवैध बालू लदे तीन टीपर को जब्त कर नगर ऊंटारी थाना को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक एसडीओ प्रभाकर मिर्धा को धुरकी के कनहर नदी से अवैध बालू का खनन एवं रात्रि में परिवहन जोरों से किये जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर एसडीओ ने सोमवार की रात शहर के मेन रोड में वाहन चेकिंग की। चेकिंग के दौरान बालू लदे तीन टीपर जिसमें यूपी 64 बीटी 4461, यूपी 64 बीटी 9351 एवं एक बिना नंबर के टीपर को पकड़ा। पकड़े गये वाहनों के चालकों से बालू से संबंधित कागजात की मांग की गई, लेकिन किसी ने कागजात नहीं दिखाया। अंत में एसडीओ ने तीनों टीपर को जब्त कर नगर ऊंटारी थाना को सौंप दिया। उधर पुलिस ने एसडीओ के निर्देश पर जब्त किये गये तीनों वाहनों के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई के लिये डीएमओ को लिखा है। उधर एसडीओ की इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

### जीत रही है इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुईयां : दुलाल



**मेदिनीनगर :** पलामू झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को स्थानीय जिला कार्यालय में हुई। बैठक में पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा व संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी तथा केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा ने किया। पूर्व मंत्री श्री भुईयां ने झामुमो नेताओं के साथ जीत की रणनीति तैयार की। कार्यकताओं ने चुनाव प्रचार में होने वाली समस्या से अवगत कराया। साथ ही गठबंधन के साथियों के साथ कंबिनेशन बना कर क्षेत्र में प्रचार प्रसार की सलाह दी। पूर्व मंत्री ने कहा कि इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुईयां पलामू लोकसभा सीट से भारी बहुमत के साथ जीत रही हैं। झामुमो पलामू की टीम भी बहुत बेहतरीन तरीके से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता भाजपा के जुमलों और झूठ से परेशान हो चुकी है। चंदन सिन्हा ने कहा कि तेज धूप में भी झामुमो के सभी नेता और कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी के पक्ष में जोर शोर से प्रचार कर रहे हैं। वहीं जनता में भी ममता भुईयां की लहर है। मौके पर मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष कमाल खान, रंजन चंद्रवंशी, अनुराग सिंह, नवीन सिन्हा,राजेश विषकर्मा, उमा सिंह, सहाबाज आलम वरिष्ठ नेता शाहनवाज ऊर्फ बबलू, बीरेंद्र पासवान, मनाऊर जमा, प्रदीप सिंह, रिशु अग्रवाल, रंजन चंद्रवंशी, रंजीत जायसवाल, छोटू त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## एबीवीपी ने शत प्रतिशत मतदान के लिए चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

# घर-घर जाकर वोटरों से की गयी मतदान की अपील

**बंशीधर न्यूज**




**कांडी :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कांडी नगर ईकाई की ओर से नगर मंत्री प्रिंस कुमार सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के निमित्त चौपाल का आयोजन प्रखंड क्षेत्र के डुमरसोता में किया गया। इस दौरान डोर टू डोर घूम कर मतदान करने के लिये अपील की गयी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रान्त संगठन मंत्री राजीव रंजन, प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुवेर्दी, विभाग संगठन मंत्री रत्नेश त्यागी उपस्थित थे। प्रान्त संगठन मंत्री राजीव रंजन ने विद्यार्थी, युवा व ग्रामीण मतदाताओं को संबोधित करते हुये कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। भारत में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं, जो भारत के प्रत्येक नागरिक के लिये अहम है। भारत के प्रत्येक नागरिकों को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुवेर्दी ने कहा कि कहा कि भारत के चुनाव प्रक्रिया ही हमें और मजबूती देगी हम अपना वोट डालकर केवल सरकार या प्रतिनिधि नहीं बल्कि भारत की दिशा तय करते हैं। हम सब अपना मत का प्रयोग करते हुए सशक्त सरकार के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेंगे। मौके पर अभाविप के विभाग सह संयोजक शशांक चौबे, जिला संयोजक विकास चन्द्रवंशी, जिला सह संयोजक शुभम, सविष्कार सह संयोजक हरिओम तिवारी, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य कुमार शुभेन्द्र, नगर सह मंत्री लक्की कुमार सहित अन्य अभाविप कार्यकर्ता, छात्र युवा तथा काफी संख्या में मतदातागण उपस्थित थे।



# कुम्बा खुर्द के जंगल में चल रहा शराब माफियाओं का राज

### जंगल में भट्ठी में दिन भर होती है शराब चुलाई और रात भर ढुलाई

**श्री बंशीधर नगर :** नगर ऊंटारी शहर से पश्चिम उत्तर लगभग 13 किमी दूर स्थित कुम्बा खुर्द के जंगल में शराब माफियाओं का राज चल रहा है। शहर के पेशेवर शराब माफियाओं का जंगल में मंगल है। जानकारी के अनुसार कुम्बा खुर्द जंगल में डैम के उत्तर साइड में दिन के उजाले में शराब की भट्ठी में दिन भर अवैध देशी महुआ शराब की चुलाई हो रही है। बताया गया है कि भट्ठी में महुआ शराब की दिन भर चुलाई और ट्यूब में भरकर रात भर बाईक से ढुलाई होती है। इसके बाद ऑर्डर के मुताबिक सुविधानुसार माफिया शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शराब पहुंचाते हैं। बताया जाता है कुम्बा खुर्द की शराब की भट्ठी में प्रतिदिन एक पिकअप महुआ की खपत है। मतलब एक पिकअप महुआ का बड़े बड़े ड्रामों में पास तैयार कर उससे शराब चुलाई की जाती है। भट्ठी में प्रतिदिन लगभग 300 से 400 लीटर महुआ शराब तैयार होता है। सूत्रों ने बताया कि गत मंगलवार को भी एक पिकअप महुआ भट्ठी में पहुंचा है। जानकारी के अनुसार कुम्बा खुर्द में शराब की भट्ठी शहर के दो पेशेवर अवैध देशी महुआ शराब माफिया चला रहे हैं। दोनों आदतन इस गोरखधंधे के अपराधी हैं। कतिपय लोगों से जान पहचान का लाभ उठाते हुए दोनों ने चुनाव के दौर में जब जिले हर जगह अवैध शराब भट्ठियां तोड़ी जा रही है, तब बड़े आराम से दिन के उजाले में शराब भट्ठी चला रहे हैं। अब मामले का खुलासा होने पर यह देखना दिलचस्प होगा कि इस चुनावी माहौल में माफियाओं पर किस तरह की कार्रवाई की जाती है।

## न्यूज अपडेट्स

### पत्नी को मिली बीमा की राशि

**भवनाथपुर :** प्रखंड अंतर्गत मकरी पंचायत के छावनी टोला निवासी शिवशंकर चंद्रवंशी का निधन विगत वर्ष वज्रपात से हो गयी थी। मृत्यु के पूर्व उन्होंने मकरी के सीएसपी संचालक सुरेश पाल के पास एसबीआई से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 20 रुपये वाला दो लाख का बीमा कराया था। उसका लाभ सुरेश पाल के अथक प्रयास से आज आश्रित उनकी पत्नी सतवंती देवी को बैंक मैनेजर प्रवीण कुमार के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर सीएसपी संचालक सुरेश पाल, अजित चंद्रवंसी, राजेश मुंडा आदि उपस्थित थे।

### हृदयाघात से मेडिकल संचालक का निधन, शोक

**मेराल :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने कश्यप मेडिकल स्टोर के संचालक विनोद प्रसाद कश्यप (गौरी प्रसाद) का निधन सोमवार की रात्रि करीब 11:00 बजे हृदयाघात से हो गया। वे 62 वर्ष के थे। परिजनों के अनुसार देर शाम 8:00 बजे मेडिकल स्टोर बंद कर खाना खाने के बाद आराम कर रहे थे की अचानक उन्हें सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। आनन-फानन में उन्हें गढ़वा परमेश्वरी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां करीब 11:00 बजे चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्रों तथा एक पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ गये। उनके निधन से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। उनका पार्थिव शरीर गढ़वा के दीपवा मोहल्ला में बालिका छात्रावास के सामने स्थित मकान में रखा गया है। बड़ा पुत्र विवेक कुमार कश्यप ने बताया सभी परिजनों तथा रिश्तेदारों के आने के पश्चात मंगलवार की शाम में गढ़वा के दानरो नदी के शमशान घाट पर अंतिम संस्कार किया जायेगा।

**राजनीति** पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी की पहल

# झामुमो व राजद के सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रमकंडा प्रखंड की उदयपुर पंचायत में पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय जनता दल के सैकड़ो लोगों को अपने हाथों से माला और भाजपा का पट्टा पहनाकर भाजपा में शामिल करवाया। साथ ही सभी को लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष में अत्यधिक मतदान कर नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने में सहभागी बनने की नसीहत एवं प्रण दिलाया। उन्होंने भाजपा में शामिल होने वाले सभी लोगों से अपने सगे संबंधी एवं पथ विचलित लोगों



को भाजपा में मतदान करने के लिये प्रेरित करने का निर्देश भी दिया। सभी लोगों ने काफी जोशो-खरोश के साथ भाजपा को हर सहयोग करने का भरोसा दिलाया एवं शत प्रतिशत मतदान भाजपा के पक्ष में करने का विश्वास दिलाया।

### इन लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

भाजपा में शामिल होने वालों में प्रेमनाथ यादव, जयप्रकाश यादव, जितेंद्र यादव, रूपम यादव, पप्पू यादव, आनंद यादव, अजीत यादव, मुन्ना यादव, डॉ ओम प्रकाश यादव, जितेंद्र यादव, कृष्ण यादव, मिथिलेश यादव, लालू यादव, अशर्फी यादव, विश्वनाथ यादव, शिवनारायण यादव, कमेश यादव, अशोक यादव, राकेश यादव, नंदन यादव, शिवलाल यादव, हीरालाल यादव, विकास यादव, दिलीप यादव, रामलाल यादव, धर्मेंद्र यादव, आनंद यादव, रूपेश यादव, रंजन यादव, दयानंद यादव, रामजी यादव, उमाशंकर यादव, महेश यादव, राहुल कमलापुरी, अस्ताद अंसारी, अनमोल पासवान, मनीष ठाकुर, गौतम गुप्ता, राहुल गुप्ता, जयशंकर प्रसाद, बबन यादव, प्रदीप भुईयां, वीरू भुईयां, बसंत भुईयां, अयोध्या यादव, श्रवण यादव, शिवपूजन भुईयां, विकास यादव, दीपक यादव, प्रवेश यादव, विष्णु यादव, रामरतन यादव, प्रेमचंद यादव, अनिल यादव, हरिचरण यादव, सुभाष यादव, प्रेमनाथ यादव, राज किशोर यादव, अमरेश यादव, दीपक यादव, आशीष यादव, बसंत यादव, श्याम लाल यादव आदि का नाम शामिल है।

### रमना में बेमौसम पानी ओलावृष्टि से किसानों को नुकसान



**रमना :** रमना क्षेत्र में मंगलवार को तेज आंधी के साथ बारिश व ओलावृष्टि होने से हरे सब्जी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। कस्बे सहित आसपास के सिलीदाग, झूरहा, मड़वानिया, कर्णपुरा पंचायतों के गांवों में 10-15 मिनट तक गिरे कसैला के आकार के ओले गिरने से जमीन पर ओला की चादर बिछ गई। इस बैमौसम की बारिश से खेत में लगा हरा सब्जी की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना कि इस साल तो किसानों से राम तो राम राज भी रूठ गया है। भिंडी की फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा। झूरहा निवासी बीरेंद्र मेहता ने बताया कि इस ओलावृष्टि से खिरा, कद्दू जैसे हरा सब्जी को नुक्सान हुआ।

### टीबी से पीड़ित गरीबा चौधरी का निधन

**मझिआंव :** प्रखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत खरसोता निवासी विश्वनाथ चौधरी के 40 वर्षीय पुत्र गरीबा चौधरी की असामायिक निधन हो गया। गरीबा चौधरी टीबी का मरीज था। जिसका इलाज मझिआंव रेफरल अस्पताल एवं गढ़वा सदर अस्पताल से किया जा रहा था। इधर लोगों ने बताया कि गरीबा अत्यंत गरीब परिवार से था जिसके कारण वह बाहर जा कर इलाज नहीं करा सका।

## आईजी एवं डीआईजी ने नामधारी कॉलेज में बने डिस्पैच सेंटर का लिया जायजा

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** पलामू प्रक्षेत्र के आईजी नरेन्द्र कुमार सिंह एवं डीआईजी वाईएस रमेश ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर गढ़वा 80 एवं भवनाथपुर 81 को लेकर एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में बने डिस्पैच सेंटर का मंगलवार को संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। गढ़वा जिला आगमन पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पांडेय ने उक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में निरीक्षण के दौरान आईजी एवं डीआईजी ने ईवीएम कमिशनिंग कार्य/सीलिंग कार्य, डिस्पैच सेंटर, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी ब्रीफिंग के लिये मल्टी पर्पस हॉल, पेयजल एवं खाने पीने की व्यवस्था, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट एवं पार्किंग मैनेजमेंट, बज्रगृह, पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति समेत अन्य तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं एसपी भी मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रहकर सम्पूर्ण जानकारी आईजी एवं डीआईजी संग साझा किया। इस दौरान निर्वाचन से जुड़े कई प्रमुख बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। डिस्पैच सेंटर पर की गई तैयारी का संपूर्ण ब्यौरा आला अधिकारियों को दिया गया। मौके पर नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग सह रंका एसडीओ रुद्र प्रताप, एआरओ भवनाथपुर सह श्री बंशीधर नगर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी ईवीएम कोषांग हंस हेब्रम समेत अन्य पदाधिकारी को भी आवश्यक निर्देश दिये गये।

## चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

बंशीधर न्यूज

**केतार :** बीडीओ सावित्री कुमारी ने केतार प्रखंड के पाचाडुमर पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को 13 मई को मतदान करने के लिये प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने अपने सभी कर्मियों के साथ घर-घर एवं मुख्य बाजार में जाकर मतदाताओं को अपने वोट के अधिकार को समझाया। वहीं नुक्कड़ नाटक से सभी लोगों को वोट करने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि 13 मई को पहले मतदान करें उसके



बाद जलपान करें। मौके पर सुरेश कुमार, राकेश कुमार, संजीव कुमार, आयुषी चौबे, जितेन्द्र कुमार, अनुप कुमार, छोटन कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

**जीएन कॉन्वेंट में मतदाता जागरूकता पर कई कार्यक्रम**

# मतदान अधिकार के साथ कर्तव्य भी

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को संविधान प्रदत मताधिकार का उचित प्रयोग के लिये मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने मनमोहक क्रियाकलापों का प्रदर्शन किया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने



संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि व्यक्ति को अपने देश के प्रत्येक चुनाव में भाग लेने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिये। मतदान नागरिक का अधिकार है, साथ यह एक कर्तव्य भी है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। एक मतदान से सरकार बदल सकती हैं देश का विकास हो सकता है और समाज में बदलाव आ सकता है। मतदान के माध्यम से हम समाज में सकारात्मक बदलान ला सकते हैं। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये चित्रकला, रंगोली, कविता वाचन, श्लोगन लेखन, निबंध लेखन और भाषण अत्यन्त ही सार गर्भित एवं प्रशंसनीय रहा। मौके पररहा। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को निदेशक द्वारा गया पुरस्कृत किया किया गया। शिक्षक वीरेन्द्र साव, खुर्शीद आलम, अभिषेक पांडेय, नीरा शर्मा, सरिता देवी, रिजवाना शाहीन, सुषमा तिवारी, सुनिता कुमारी, नीलम कुमारी, शिवानी कुमारी, सुष्मिता कुमारी, संतोष प्रसाद, रानी केशरी, मुस्कान तिवारी, आकृति कुमारी, आर्या पांडेय, आस्था, रिबिका, गोविन्द आदि उपस्थित थे।

## झामुमो छोड़ एक दर्जन से अधिक लोगों ने भाजपा में शामिल



बंशीधर न्यूज

**केतार :** प्रखंड में दर्जनो लोग झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हो गये। विधायक भानू प्रताप शाही ने उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। मौके पर विधायक श्री शाही ने कहा कि भाजपा के विकास को देख कर झामुमो छोड़ लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। विधायक ने सभी लोगों से वीडी राम को वोट करने की अपील की। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रवींद्र सोनी, बीरबल मेहता, सोनू सिंह, गौतम पाल, सीताराम जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।






# हर गरीब महिला को देंगे एक लाख, खत्म नहीं होने देंगे आदिवासियों के हक : राहुल

**चाईबासा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को चाईबासा में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन यदि सत्ता में आया तो देश के गरीब परिवारों का सर्वेक्षण कराया जायेगा। हर गरीब परिवार की एक महिला के खाते में हर वर्ष एक लाख रुपये डाले जायेंगे। आंगनबाड़ी एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का मानदेय भी दोगुना कर दिया जायेगा।



राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के 22 पूंजीपतियों को अरबपति और करोड़पति बना रहे हैं लेकिन हम देश की करोड़ों महिलाओं को लखपति बनायेंगे। उन्होंने आरक्षण बढ़ाने का भी वादा किया। राहुल ने जोहार शब्द से संबोधन की शुरूआत की। साथ ही कहा कि जोहार इसलिए बोला कि यह आदिवासियों का शब्द है। इसमें आपकी आवाज अच्छी सुनाई देती है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आदिवासी, दलित, पिछड़ों के लिए जरूरी चुनाव है। साथ ही कहा कि हमने महिलाओं के बैंक अकाउंट को इसलिए चुना है कि महिलाएं 18 से 20 घंटे काम करती हैं। मैं जानता हूं कि दबाव डालकर महिलाओं से पुरुष कुछ पैसे ले लेंगे।

### आदिवासी को वनवासी बोलती है भाजपा

राहुल गांधी ने आदिवासियों की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार 100 रुपये का फैसला लेती है तो आदिवासी नेता 10 पैसे का फैसला लेता है। वो आपको वनवासी बोलते हैं। क्योंकि, उनके लिए आप जंगल में रहने वाले लोग हैं लेकिन हमारे लिए आप आदिवासी हैं। जल, जंगल और जमीन पर पहला अधिकार आदिवासियों का है। कांग्रेस इस अधिकार को किसी भी कीमत पर खत्म होने नहीं देगी। वो आपको वनवासी कहते हैं और सारे जंगल और जमीन अडाणी, अंबानी को दे रहे हैं। एक दिन जंगल खत्म हो जायेंगे तो आपको कहेंगे जाओ भीख मांगो।

### आदिवासियों से होती है बदसलूकी

राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासियों के मुंह में पेशाब कर दिया जाता है लेकिन मीडिया वाले उसे नहीं दिखाते। मीडिया वाले दिखायेंगे कि अडानी की शादी में किसने किस तरह की घड़ी पहनी है और किस तरह के कपड़े पहने हैं। कोई भी मीडिया देश के असल मुद्दों पर चर्चा नहीं करती है। मीडिया भाजपा वालों से सवाल नहीं पूछती है। यह भी लोकतंत्र के लिए खतरे का सबब है। इससे सावधान रहने की जरूरत है।

### हम सब मिलकर हेमंत सोरेन को जेल से निकालेंगे

हम सभी मिलकर हेमंत सोरेन को जेल से निकालेंगे राहुल गांधी ने कहा कि एक साजिश के तहत झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया है लेकिन किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हम सभी मिलकर उन्हें जेल से निकालेंगे। उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन, चम्पाई सोरेन और झारखंड के तमाम आदिवासी हेमंत सोरेन के साथ खड़े हैं।

देश के हर बेरोजगार को सरकारी नौकरी दी जाएगी

राहुल गांधी ने कहा कि देश में नौकरी की कमी नहीं है। देश के हर बेरोजगार को सरकारी नौकरी दी जायेगी। साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के तमाम किसानों का कर्ज माफ करेगी। कानूनी रूप से एमएसपी देगी। उन्होंने कहा कि सरकारी संस्थानों और गैर सरकारी संस्थानों में ठेकेदारी पर बहाली प्रथा को खत्म किया जायेगा। सभी को परमानेंट नौकरी दी जायेगी। साथ ही कहा कि ठेकेदारी प्रथा की नौकरी से देश के युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है।

### देश में महंगाई कम नहीं हुई : चम्पाई सोरेन

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में महंगाई कम नहीं हुई। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम बढ़ते गये। झारखंड की प्रथा और परंपरा को भी दबाने का काम किया गया। आज तक केंद्र सरकार ने आदिवासी हित में कोई का नहीं किया। हमने विधानसभा में आदिवासियों की परंपरा और अस्मिता को सुरक्षित करने के लिए सरना धर्म कोड का नियम बनाया। प्रधानमंत्री जब यहां आये तो सरना धर्म कोड पर कुछ नहीं बोले। झारखंड सरकार ने पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाया लेकिन केंद्र के इशारे पर राजभवन में ही रोक दिया गया।

सभा में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कल्पना सोरेन, विधायक निरल पुर्ति, विधायक सुखराम उरांव और प्रत्याशी जोबा माझी सहित अन्य मौजूद थे।

## राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें : कालीचरण मुंडा



**खूंटी।** इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को मुरहू प्रखंड के मुरहू, डुडरी, कोड़ाकेल, गनालोया, हस्सा, गज गांव में डोर टू डोर संपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में मुझे चुनाव चिह्न हाथ छाप पर वोट दे कर विजय बनायें। वे मुंडा ने कहा कि अगर भाजपा पुनः केंद्र की सत्ता में आती है, तो हम सभी आदिवासी-मूलवासी का आस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा हैं। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने हुटार, सिलादोन और मरगहदा में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गठबंधन के समर्थकों की मेहनत से लग रहा कि जीत तो निश्चित है, पर अपने विरोधी को कमजोर नहीं समझना चाहिए।

## झामुमो ने विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से किया निलंबित

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उन्हें पार्टी के सभी पदों से भी मुक्त कर दिया गया। इस संबंध में पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने मंगलवार को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव में चमरा लिंडा ने महागठबंधन के खिलाफ जाकर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया है। ऐसे में पार्टी के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर उन्हें पार्टी के सभी पदों से हटाया जाता है। साथ ही पार्टी की सदयस्ता से भी निलंबित किया जाता है।

# बाबूलाल ने सीएम को लिखा पत्र, गोपनीय पत्र मिलने की सीबीआई जांच की मांग

**रांची।** भाजपा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने ईडी द्वारा जब्त 35 करोड़ की राशि के मामले में मंगलवार को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में बाबूलाल ने कहा कि ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा मुख्य सचिव को लिखे गए गोपनीय पत्र की प्रति ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के कर्मचारी के घर से मिला है। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मामला है कि कैसे एक गोपनीय पत्र निजी सचिव के कर्मचारी के आवास से मिला है। इसकी जांच कराई जाए।



मरांडी ने पत्र में लिखा है कि देशभर में नोट के बंडल के साथ मुख्य सचिव का पत्र मिलने की चर्चा हो रही है झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। मुझे विश्वास है कि आप भी यह देखकर आश्चर्य चकित होंगे। लिखा है कि प्रवर्तन निदेशालय, रांची द्वारा 08 मई, 2023 को मुख्य सचिव, झारखंड को पत्र लिखा जाता है और दूसरे दिन नौ मई को मुख्य सचिव द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को कार्रवाई का आदेश दिया जाता है।

आश्चर्य है कि सचिव ने इस संवेदनशील मामले में कार्रवाई करने में कोई रूचि नहीं दिखाई। गंभीर मामला यह भी है कि ईडी द्वारा लिखा गया गोपनीय पत्र मंत्री के निजी सचिव के कर्मचारी जहांगीर आलम के घर से ईडी की छापेमारी में नोटों के बंडल में मिलता है, जिस पत्र के आधार पर सचिव को भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करनी थी। इसे ही दबाकर भ्रष्टाचार के जरिए अकूत सम्पत्ति अर्जित करने का धंधा चलता रहा। एक तो भ्रष्टाचार करना और दूसरी ओर गोपनीय पत्र नौकर के आवास में नोटों के बंडल में मिलना अति गंभीर मामला है।

### निजी सचिव के आवास में कैसे पहुंचा गोपनीय पत्र

बाबूलाल मरांडी ने सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री से पूछा है कि आखिर यह गोपनीय पत्र मंत्री के निजी सचिव के आवास में कैसे पहुंचा। इसमें किस पदाधिकारी की भूमिका है। जांच कराना आवश्यक है। साथ ही इस पत्र के संज्ञान पर भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होनी थी, उन्हें बचाया गया। इस षड्यंत्र में किसकी-किसकी भूमिका है? झारखंड की जनता को

## कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से जीत की पटकथा लिखेगा एनडीए : अर्जुन मुंडा

**रांची।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कहा कि एनडीए का हरेक कार्यकर्ता नरेन्द्र मोदी को फिर से एकबार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मेहनत कर रहा है। इस परिश्रम का सुखद परिणाम चार जून को देखने को मिलेगा। कार्यकताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से एनडीए जीत की पटकथा लिखेगा। खूंटी की जनता देश में सुशासन और दूरगामी लक्ष्य रखने वाली सरकार बनाने के लिए अपना मतदान हमारे पक्ष में अवश्य करेगी। अर्जुन मुंडा मंगलवार को बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित एनडीए की बैठक में बोल रहे थे।

### ये वसूल नहीं, वसूली वाली सरकार है : सुदेश

आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने वर्तमान सरकार को इंगित करते हुए कहा कि ये वसूल नहीं, वसूली वाली सरकार है। जनजातीय समाज का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में कभी रहा ही नहीं। इनका उद्देश्य सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करना है। यह सरकार जनजाति वर्ग का इस्तेमाल अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए कर रही है लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इस समाज के गौरवपूर्ण विरासत को सुरक्षित और



अक्षुण्ण रखते हुए उनके विकास के लिए कार्य करना हमारा दायित्व है। सुदेश ने कहा कि इंडी गठबंधन ने राज्य की अर्थव्यवस्था पर डकैती डाली है। राज्य को खोखला कर दिया है। राज्य का आलम देख रही है जनता। ये सरकार राज्य के बेरोजगार युवाओं का गुनहगार है। गुनाह की सजा लोकतंत्र की अदालत में मिलेगी। उन्होंने कहा कि साढ़े चार साल के कार्यकाल में सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है। इन्होंने अपने कारनामों से राज्य का नाम पूरे देश में बदनाम किया है। नीति, नियोजन का वादा कर सत्ता में आने वाले लोग खान संपदा को लूटने में मग्न हैं। जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए हम आपसी समन्वय और साझेदारी के साथ खूंटी समेत राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करेंगे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)